संख्या—cm-173
29/03/2025

मुख्यमंत्री ने जेवियर विश्वविद्यालय पटना का किया उद्घाटन

पटना, 29 मार्च, 2025 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जेवियर विश्वविद्यालय पटना का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सेंट जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षकों एवं छात्र—छात्राओं से मुलाकात की।

शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पुष्प—गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया, जबकि विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

ज्ञातव्य है कि 36 एकड़ के हरे भरे परिसर में फैला जेवियर विश्वविद्यालय, पटना एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो चरित्र निर्माण, शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय कई विषयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करना है।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के कुलाधिपति फादर विमल किशोर एस0जे0 सहित अन्य वरीय अधिकारी, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

******